शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांकः सर्व शि0अभि0/एमआईएस/ 5555-57 /2012-13 दिनांकः 19 -3 -2013

<u>समयवद्ध/महत्वपूर्ण</u>

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,
जनपद–सुलतानपुर।

अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक सर्व शि0अभि0/एमआईएस/5180–82/2012–13 दिनांक 28.02.2013 के द्वारा समस्त विद्यालयों (कक्षा 1 से 12 तक) के भरे हुये यू–डायस डीसीएफ प्राप्त करके आंकडों को निर्धारित शाफ्टवेयर में त्रुटिरहित कम्प्यूटर आपरेटर के माध्यम से फीड कराते हुये बैकअप प्रत्येक दशा में बिना किसी अवरोध के दिनांक 08.03.2013 तक कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु अद्यतन तक किसी भी विकासक्षेत्र से उक्त शाफ्टवेयर का बैकअप समस्त त्रुटियों को दूर कराते हुये प्राप्त नही हुआ है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि **<u>दिनांक 23.03.2013</u>** तक समस्त त्रुटियों का निराकरण कराते हुये शाफ्टवेयर का बैकअप ई0एम0आई0एस0 इन्चार्ज को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उक्त डाटा में निम्नांकित बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देते हुये बैकअप उपलब्ध करायें।

1. विद्यालय में उपलब्ध भौतिक सुविधायें यथा कक्षा–कक्ष, शौचालय, हैण्डपम्प आदि।
2. विद्यालय में कार्यरत अध्यापक व शिक्षामित्र।
3. विद्यालय में नामांकन की स्थिति।
4. विद्यालय में नामांकित अल्पसंख्यक बच्चों की संख्या।
5. विद्यालय में नामांकित बिकलांग बच्चों की संख्या।
6. मदरसा विद्यालयों का नामांकन व अध्यापकों की संख्या।
7. ड्रापआउट व ट्रान्जिसन दर।

(नज़रूद्दीन अंसारी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

पृ0सं0: पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वरिष्ठ विशेषज्ञ, नियोजन/कम्प्यूटर अनुभाग, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ।
2. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), फैजाबाद मण्डल, फैजाबाद।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

जिला परियोजना कार्यालयः सर्व शिक्षा अभियान, नगर पालिका जू0हा0स्कूल प्रागंण, सुलतानपुर–228001 ई–मेलःbsa.sultanpur@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

पत्रांकः सर्व शि0अभि0/लेखा/ 5558-60 /2012-13 दिनांकः 19-3-2013
समयवद्ध/आवश्यक

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,
जनपद–सुलतानपुर।

वित्तीय वर्ष 2012–13 में सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों के खातों में विभिन्न कार्यक्रमों कों वित्तीय नियमानुसार समयान्तर्गत सम्पादित करने हेतु विभिन्न मदों की धनराशि अधोहस्ताक्षरी के स्तर से प्रेषित की गयी है। धनराशि प्रेषण की प्रत्येक सूचियां आपको ई–मेल व पत्र के माध्यम से कार्यालय से उपलब्ध कराया जा चुका है। उपरोक्तानुसार प्रेषित धनराशि में से किसी भी धनराशि का किसी भी विकासक्षेत्र का उपभोग प्रमाणपत्र कार्यालय में आपके द्वारा उपलब्ध नही कराया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि इस पत्र के साथ संलग्न उपभोग प्रमाणपत्र (प्रत्येक विद्यालय हेतु) पर प्रत्येक विद्यालय से नियमानुसार मदवार उपभोग की गयी धनराशि का विवरण भराकर समस्त सम्बन्धित के हस्ताक्षर सहित **दिनांक 10.04.2013** तक प्रत्येक दशा में कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें विलम्ब कदापि न करें अन्यथा किसी विपरीत स्थिति के प्रति आप स्वयं उत्तरदायी होगें।
संलग्नकः उक्तवत।

(नज़रूद्दीन अंसारी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।

पृ0सं0: पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. वित्त नियन्त्रक, राज्य परियोजना कार्यालय, लखनऊ।
2. सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), फैजाबाद मण्डल, फैजाबाद।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
सुलतानपुर।